तापमान
अधिकतम 31.2 डिग्री
न्यूनतम 26.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, मंगलवार 22 जुलाई 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

12 महिलाओं ने महादेव बनाकर की विशेष पूजा



12 कांग्रेसियों ने बागबाहरा बिजली कार्यालय ...



B.M. COLLEGE
BCA BBA
PGDCA B.Ed.
आई.टी.आई.
▸ कोपा ▸ इलेक्ट्रिशियन
▸ हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
▸ डीजल मैकेनिक
▸ फायर टेक्नालॉजी
▸ स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065

# किसानों को एग्रीस्टेक आईडी बनाना अनिवार्य अन्यथा धान बेचने से होंगे वंचित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

जिले में अब तक तकरीबन 49 हजार किसानों ने फार्मर आईडी नही बनावाई है। बता दें कि जिले में 1 लाख 62 हजार से ज्यादा किसानों में से केवल 1 लाख 12 हजार 662 से अधिक किसानों ने अब तक पंजीयन कराया वहीं, शेष 49 हजार से ज्यादा किसानों का अब भी पंजीयन होना शेष है। यदि यह स्थिति रही तो न केवल ये किसान धान विक्रय से वंचित रहेंगे, बल्कि उन्हें पीएम किसान योजना की आगामी किस्त और फसल बीमा के दावों से भी हाथ धोना पड़ सकता है।

## जिले में अब तक तकरीबन 49 हजार किसानों ने नही बनावाई फार्मर आईडी

### बिना पंजीयन धान बेचने से होंगे वंचित

राज्य शासन द्वारा एग्रीस्टेक पोर्टल में फार्मर आईडी पंजीयन को अनिवार्य किया गया है। राज्य शासन का स्पष्ट निर्देश है कि बिना पंजीयन किसान न तो सहकारी समिति में धान बेच सकेंगे और न ही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि या फसल बीमा जैसी योजनाओं का लाभ उठा पाएंगे। राज्य सरकार ने किसानों के लिए नई डिजिटल व्यवस्था लागू की है। जिसमें धान बिक्री से लेकर सरकारी योजनाओं तक की पात्रता सीधे फार्मर आईडी पंजीयन से जुड़ी होगी। इस व्यवस्था के तहत प्रत्येक पंजीकृत किसान को 11 अंकों की एक यूनिक डिजिटल पहचान दी जाएगी, जो भविष्य की रूप में कार्य करेगी। यह पंजीयन च्वाइस सेंटर से तहसील, वहां से बैंक में आवेदन फॉरवर्ड होने के बाद कृषि विभाग में जाता है।



### 30 अगस्त है अंतिम तिथि

सरकार की ओर से 30 अगस्त तक पंजीयन की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। इसके लिए किसान अपने नजदीकी लोक सेवा केंद्र, प्राथमिक सहकारी समिति या स्वयं एग्रीस्टेक पोर्टल के माध्यम से पंजीयन कर सकते हैं। इससे योजनाओं में दोहराव और फर्जीवाड़े की रोकथाम, फसल, भूमि, बीमा और ऋण का समग्र डिजिटल रिकॉर्ड तथा सरकारी सहायता में पारदर्शिता और त्वरित वितरण हो पाएगा।

बता दें कि जिले में खरीफ फसल सीजन का कार्य प्रगति पर है लेकिन, किसानों को अपने उपज बेचने के लिए अब एग्रीस्टेक में फार्मर आईडी पंजीयन करना पड़ेगा। जिले में धान की खेती करने वाले किसानों की संख्या लगभग 1,62,295 है इनमें से 1,53,132 किसानों ने धान बेचा और 11 लाख 513 टन धान की खरीदी की गई। इस बार एग्रीस्टेक में फार्मर आईडी पंजीयन को अनिवार्य किया गया है अगर पंजीयन से चूके तो किसानों को धान बेचने एवं खेती किसानी से मिलने वाले सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित होना पड़ेगा जो किसानो के लिए मुसीबत बन सकती है।

## खबर संक्षेप

### शराब पिलाने से मना करने पर मारपीट

**महासमुंद**। शराब पिलाने से मना करने पर एक व्यक्ति के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। घटना ग्राम जोगीडीपा की है। रिपोर्ट पर पटेवा थाने में आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को रवि कुमार जगत ने बताया कि 17 जुलाई की रात करीबन 10 बजे वह गांव के गजानंद ध्रुव के साथ ललित चाय सेंटर से चाय पीकर पैदल घर आ रहे थे। ग्राम जोगीडीपा एनएच 53 पेट्रोल पंप के पास पहुंचे थे, तभी गजानंद ध्रुव द्वारा मुझे शराब नहीं पिला रहे हो कहकर परेशान करने लगा। जब उसे शराब पिलाने से मना किया तब आरोपी गजानंद ने विवादकर गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी और ईंट के टुकड़े से सिर में मार दिया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।





त्रिमूर्ति कॉलोनी स्थित त्रंबकेश्वर महादेव का हुआ श्रृंगार

## आस्था : सावन के दूसरे सोमवार को शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़

# कांवरियों समेत हजारों ने किया गंधेश्वरनाथ का जलाभिषेक



हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

सावन के दूसरे सोमवार को शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही सुबह से ही शिव भक्त अपने भोलेनाथ को रिझाने मंदिर पहुंचकर जलाभिषेक कर मन्नते मांगते रहे। इस दौरान मंदिरों में जय घोष का शंखनाद होता रहा। आसपास के प्रसिद्ध मंदिरों सिरपुर, बम्हनी, कनेकेरा, दलदली के अलावा नगर के शिवालयों में भी श्रद्धालुओं की खासी उपस्थिति रही। सिरपुर गंधेश्वर नाथ मंदिर कमेटी के मैनेजिंग ट्रस्टी दाऊलाल चंद्राकर, नुकेश चंद्राकर, बाबूलाल ध्रुव, मोहन वर्मा ने बताया कि सुबह 4:30 बजे से मंदिर के पट दर्शन के लिए खोल दिया गया था। मंगल आरती के बाद जलाभिषेक करने कांवरिया पहुंचते रहे। करीब 300 से अधिक कांवड़ यात्रियों ने बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। जबकि हजारों की संख्या में दर्शनार्थी देर शाम तक गंधेश्वर नाथ का दर्शन करने पहुंचे थे। मंदिर परिसर के बाहर श्रद्धालुओं की कतारें लगी हुई थी और वे एक-एक कर मंदिर में जलाभिषेक करने पहुंचते रहे। इस दौरान पुलिस की खासी व्यवस्था रही। उल्लेखनीय है कि कांवरिया बम्हनी से शनिवार को जल लेकर निकले थे, जो रविवार को सिरपुर पहुंचकर रात्रि विश्राम किया और सुबह जलाभिषेक कर अपनी यात्रा पूर्ण की। यज्ञशाला में कांवरियों के लिए रामायण की व्यवस्था की गई थी।

## बम्हनेश्वर नाथ का हुआ भांगयुक्त जल से अभिषेक



**महासमुंद**। जिला मुख्यालय से 9 किलोमीटर दूर स्थित बम्हनी के श्वेत गंगा कुंड स्थित बम्हनेश्वर नाथ का सावन के दूसरे सोमवार को भांगयुक्त जल से अभिषेक किया गया। यहां सावन माह में प्रतिदिन सुबह 9:30 बजे से रुद्राभिषेक किया जा रहा है। अभिषेक के मुख्य जजमान होरीलाल पांडेय ने बताया कि प्रथम सावन सोमवार को सवा 5 लीटर दूध से अभिषेक किया गया था। इसी तरह दूसरे सावन सोमवार को भांग युक्त जल से अभिषेक किया गया। उन्होंने बताया कि विधि विधान से मंत्रोच्चार के बीच रुद्राभिषेक किया गया। अंत में बच्चे भांग का लेपन महादेव पर किया गया। आरती पूजन उपरांत लोगों को प्रसाद वितरण किया गया। ऐसी मान्यता है कि शीतलता प्रदान करने के भाव से भांग से अभिषेक किया जाता है। तीसरे और चौथे सावन सोमवार को भी कपूर युक्त जल या अन्य सामग्रियों से अभिषेक किया जाएगा।

### पति-पत्नी के साथ मारपीट, जुर्म

**महासमुंद**। ग्राम कांपा में पति-पत्नी के साथ मारपीट करने के मामले में दो आरोपियों के खिलाफ तुमगांव थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थिया आशा बंजारे निवासी ग्राम कांपा ने बताया कि 20 जुलाई को बहू के साथ उसकी कहासुनी हो गई। जिस पर मेरे पति अपने भाई गणेश बंजारे को मेरी बहू को समझा देंगे कहकर बुलाने जा रहे थे। नीम चौक के पास बहू के भाई परमानंद और टोहल द्वारा उनकी बहन से क्यों लड़ाई झगड़ा, गाली गलौज करते हो कहकर प्रार्थिया के पति के साथ गाली गलौज करते हुए झुमाझट की किया जाने लगा। उसी समय प्रार्थिया अपने पति को बुलाने जा रही थी कि करीबन 12 बजे नीम चौक के पास आरोपी दोनो भाई को अपने पति के साथ झुमाझटकी करते देख मना किया, इस पर आरोपी परमानंद और टोहल दोनों ने एक राय होकर तुम भी हमारी बहन से लड़ाई झगड़ा गाली गलौज करती हो कहकर बाल पकड़कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# भाजपाइयों ने कहाः किसी पद में नहीं लेकिन पुत्र मोह में भूपेश ने पूरी कांग्रेस को झोंका

## प्रदेश की जनता को परेशान कर रही कांग्रेस, भाजपाईयों ने कहा- यह 'चोरी फिर सीना जोरी'

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद



कांग्रेस द्वारा आज किए गए आर्थिक नाकाबंदी भाजपाजनों ने पत्रकार वार्ता के माध्यम से कहा है कि कांग्रेस बताएं कि भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल कांग्रेस के किस पद पर है। कांग्रेस में किसी पद पर नहीं उसके लिए पूरी कांग्रेस प्रदर्शन कर रही। भूपेश बघेल ने पूरी कांग्रेस को पुत्र मुंह में झोंक दिया है।

भाजपा ने पत्रकार वार्ता में तथ्यों एवं दस्तावेज के माध्यम से कांग्रेस के झूठ को उजागर करते हुए कहा कि कांग्रेस चोरी और सीनाजोरी का उदाहरण बार-बार प्रस्तुत कर रही है। कांग्रेस शासनकाल के पांच वर्ष में भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ को दस जनपथ का चारागाह बना दिया। शराब घोटाले, कोयला घोटाले, चावल घोटाले, गोठान घोटाले से लेकर पीएससी घोटाले तक में इसने प्रदेश के संसाधनों को जम कर लूटा। भाजपाईयों ने कहा कि 5 साल तक भूपेश बघेल 10 जनपथ के एटीएम बने रहे। छग का पैसा दिल्ली भेजा जाता रहा।

भाजपाजनों ने कहा कि कांग्रेस का हाल बेगानी शादी में अब्दुल्ला दीवाना जैसा हो गया है। जिसका पार्टी से कोई लेना देना नही उसके लिए आंदोलन कर जनता को परेशान किया जा रहा है। जबकि, जिन आरोपों में ईडी ने कार्रवाई की है उसके संबंध में प्रमाण भी जनता के सामने आ चुके हैं।

भाजपा कार्यालय में प्रेसवार्ता के दौरान भाजपा बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल, जिलाध्यक्ष एतराम साहू, पूर्व महासमुंद लोकसभा सांसद चुन्नीलाल साहू, देवीचंद राठी नगर पालिका उपाध्यक्ष, राहुल चंद्राकर, स्वप्निल तिवारी, सांसद प्रतिनिधि नारेंद्र गिरी, आनंद साहू आदि उपस्थित रहे।

### बागबाहरा के टेमरी चौक में होगा शांतिपूर्ण चक्का जाम

**बागबाहरा**। पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज के आह्वान तथा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा की गई कथित अनुचित गिरफ्तारी के विरोध में पूर्व संसदीय सचिव व वर्तमान विधायक द्वारकाधीश यादव के नेतृत्व में बागबाहरा के टेमरी चौक में एक शांतिपूर्ण चक्काजाम आंदोलन होगा।





### भाजपा के द्वेषपूर्ण कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस का चक्काजाम आज

**महासमुंद**। पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर के नेतृत्व में आज मंगलवार को कांग्रेसजनों द्वारा नदी मोड़ ओवरब्रिज के ऊपर चक्काजाम किया जाएगा। पूर्व विधायक चंद्राकर ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल की ईडी द्वारा गिरफ्तारी के विरोध में पूरे प्रदेश में आर्थिक नाकेबंदी का निर्णय लिया गया है। जिसके तहत महासमुंद कांग्रेस कमेटी द्वारा नदीमोड़ घोड़ारी ओवरब्रिज पर कांग्रेस जन 22 जुलाई को 12 बजे एकत्र होंगे तथा एनएच-53 पर चक्काजाम करेंगे।

### तेज रफ्तार ट्रक सड़क के किनारे में खड़े मेटाडोर से जा भिड़ी, टला बड़ा हादसा



**महासमुंद**। जिला मुख्यालय समीपस्थ ग्राम भोरिंग में एक बड़ा हादसा होने से बच गया। बता दें कि तुमगांव थाना अंतर्गत ग्राम भोरिंग की बस्ती में एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। सड़क किनारे खड़े एक मेटाडोर वाहन को तेज रफ्तार से आ रहे ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों वाहन सड़क पर पलट गए। हादसे में ट्रक चालक को मामूली चोटें आई हैं। गनीमत रही कि उस समय सड़क पर अन्य कोई नहीं था, वरना बड़ा नुकसान हो सकता था। हादसे का गंभीरता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि ट्रक का सामान बिखरते हुए पास ही के एक मकान की दीवार से टकरा गया, जिससे घर की दीवार में दरार आ गई। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई और सूचना पर पुलिस भी पहुंची। दुर्घटना की जांच जारी है।

# शराब की अवैध बिक्री के मामलों में कार्रवाई, पांच लोग गिरफ्तार

**महासमुंद**। शराब की अवैध बिक्री के चार मामलों में जिले की पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। बसना पुलिस ने मुखबिर सूचना पर खटखटी ओवरब्रिज के नीचे आरोपी बिनु ठाकुर पिता किशोर कुमार ठाकुर (24 साल) वार्ड नं 12 टिकरापारा बसना के कब्जे से 52 नग देशी प्लेन शराब कीमत 4160 रुपए को को जब्त किया है। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। इसी तरह ग्राम बम्हनीडीह रोड पुल के पास आरोपी अशोक कुमार साहू पिता राम प्रसाद साहू (34 साल) माधोपाली थाना सरायपाली के कब्जे से बसना पुलिस ने 10 लीटर महुआ शराब कीमत 2000 रुपए को जब्त किया गया। वहीं सरायपाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम नूनपानी का सालिक राम भारती गंधरेल डीपा तिराहा के पास अवैध रूप से देशी हाथ भट्टी महुआ शराब बिक्री करने ग्राहकों का इंतजार कर रहा है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी के कब्जे से शराब 30 लीटर देशी हाथ भट्टी महुआ शराब कीमत 6000 रुपए को जब्त किया है। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया गया। बलौदा पुलिस ने मुखबिर से सूचना मिलने के बाद ओडिशा की ओर से सिरपुर नाका की ओर अवैध महुआ शराब लेकर पैदल आ रहे दो लोगों के खिलाफ कार्रवाई की। पुलिस ने आरोपी अजय डोंगरे पिता धनेश डोंगरे (19 साल) वार्ड नं एक अंबेडकर नगर सरायपाली, राहुल मांझी पिता राजेश मांझी उर्फ अशोक मांझी (23 साल) वार्ड नं एक अंबेडकर नगर के कब्जे से लगभग 10 लीटर महुआ शराब कीमत 2000 रुपए को बरामद किया।



खबर संक्षेप



## बाल कैबिनेट का गठन व शपथ ग्रहण हुआ

**महासमुंद।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बेमचा में चुनावी प्रक्रिया के माध्यम से बाल कैबिनेट का गठन किया गया। प्रधानमंत्री (शाला नायक) आर्यन यादव, उप प्रधानमंत्री माही ध्रुव, गृह मंत्री पूरब यादव, यमुना यादव, शिक्षा मंत्री वर्षा चंद्राकर, मेघा राजपूत, कानून मंत्री खिलेश्वर साहू, देव चंद्राकर स्वास्थ्य स्वच्छता एवं स्वागत विभाग भूमिका साहू, रिया निर्मलकर, चंद्र किरण चंद्राकर, प्रियंका कोसरे, कृषि बागवानी विभाग अजय निषाद, दिव्या यादव, खोया पाया विभाग टीकमचंद्र साहू, गोपी यादव, मध्यान्ह भोजन विभाग आराध्या देव कुमार, पुस्तकालय एवं विज्ञान विभाग वर्षा साहू, उत्तरा ध्रुव, अर्चना खेलकूद विभाग, हर्ष बघेल, जोहन कोसरे, सांस्कृतिक विभाग दुष्यंत यादव, माधुरी निर्मलकर, अनुशासन विभाग गीतांजलि यादव, भूमिका चंद्राकर, वित्त विभाग जय चंद्राकर, सोहेल निषाद आदि शपथ ग्रहण कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि रविकांत चंद्राकर रहे। विद्यालय के वशिष्ठ शिक्षक खेमराज साहू ने चुनावी प्रक्रिया के बारे में छात्रों को बहुत ही अच्छे ढंग से समझाते हुए कहा कि जिस प्रकार सरकार चलाने के लिए कैबिनेट की आवश्यकता होती है। ठीक उसी प्रकार शाला की गतिविधियों को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए बाल कैबिनेट की आवश्यकता होती है। जीएल साहू ने बाल कैबिनेट के सभी पदाधिकारियों को पद की शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि अच्छे से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया।

# श्रावण मास के द्वितीय सोमवार को रुद्राभिषेक एवं हवन पूजन में शामिल हुए विधायक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

विधायक कार्यालय परिसर में जारी रुद्राभिषेक एवं हवन पूजन में श्रावण के द्वितीय सोमवार को विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा शामिल हुए। पूजा अर्चना कर उन्होंने महादेव से क्षेत्रवासियों की सुख, समृद्धि और शांति की कामना की। वहीं श्रावण सोमवार पर रुद्राभिषेक एवं हवन पूजन के साथ रुद्राक्ष वितरण भी हुआ। वहीं महासमुंद विधानसभा क्षेत्र के अलग-अलग ग्राम पंचायतों के सरपंच भी पूजन में शामिल हुए।

बता दें कि महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा द्वारा लगातार 10वें वर्ष में श्रावण मास में महारूद्राभिषेक का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार से श्रावण मास के प्रथम दिन से एक माह का महारूद्राभिषेक एवं हवन-पूजन कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी विशाल मेगा मार्ट परिसर के पास विधायक जनदर्शन कार्यालय के पीछे करवाया जा रहा है। श्रावण के द्वितीय सोमवार की सुबह 8 बजे से वेदी पूजा की गई। मंत्रोच्चार के साथ



पुरोहितों ने पूजन विधि संपन्न करवाई। इसके पश्चात पार्थिव शिवलिंग का रुद्राभिषेक हुआ। शाम में हवन पूजन संपन्न हुआ। श्रावण के द्वितीय सोमवार के शुभ अवसर पर महासमुंद विधानसभा क्षेत्र के अलग-अलग ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं ग्रामीणजन भी शामिल हुए। सभी ने मिलकर भगवान शिव कि आराधना की। इस अवसर पर विधायक सिन्हा ने कहा कि श्रावण का पवित्र मास चल रहा है। महादेव की सच्चे मन से पूजा अर्चना करने पर मनोकामना पूर्ण होती है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से रुद्राभिषेक एवं हवन पूजन में शामिल होने की अपील की है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी महारूद्राभिषेक एवं हवन-पूजन के दौरान रुद्राक्ष का वितरण किया जाएगा। श्रावण मास के द्वितीय सोमवार को पूजा स्थल में रुद्राक्ष वितरण किया गया। इसके बाद 28 जुलाई और 4 अगस्त को सोमवार के दिन रुद्राक्ष वितरण किया जाएगा। श्रद्धालुगण श्रावण के पवित्र मास में आयोजित महारूद्राभिषेक एवं हवन-पूजन में शामिल होकर पुण्यलाभ प्राप्त कर सकते हैं।

## योजना: अंधेरे से उजाले, वंचना से विकास और अलगाव से आत्मबल की ओर कमार समुदाय

# पीएम-जनमन से कमार जनजाति परिवारों के जीवन में बहने लगी बदलाव की बयार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

जनजातीय समाज को मुख्यधारा से जोड़ने एवं उनके सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा प्रारंभ किया गया प्रधानमंत्री जनजातीय न्याय आदिवासी महाअभियान (पीएम-जनमन) आज सामाजिक न्याय, समावेशन और समर्पित प्रशासन का उत्कृष्ट उदाहरण बन चुका है। पीएमजनमन से आज कमार समुदाय अंधेरे से उजाले, वंचना से विकास और अलगाव से आत्मबल की ओर बढ़ रहा है। पीएम-जनमन योजना उनके लिए सिर्फ एक योजना नहीं, बल्कि आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ता एक सार्थक कदम है।

इस अभियान की शुरुआत 15 नवंबर 2023 को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर की गई थी। इस दिन को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाई जाती है। यह योजना भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा संचालित की जा रही है, जिसका उद्देश्य विशेष पिछड़ी जनजातियों को बुनियादी सुविधाओं से जोड़ते हुए उन्हें सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर देना है। महासमुंद जिले में निवास करने वाली कमार जनजाति, देश की विशेष पिछड़ी जनजातियों में शामिल है। यह समुदाय पारंपरिक रूप से जंगल, कंद-मूल और मजदूरी पर आश्रित रहा है। इनकी बसाहटें मुख्य ग्राम और शहरों से दूर जंगलों में स्थित हैं, जहां मूलभूत सुविधाओं का वर्षों तक अभाव रहा। सत्र 2015-16 के आधारभूत सर्वेक्षण के अनुसार, महासमुंद जिले में 923 कमार परिवार हैं, जिनकी कुल जनसंख्या 3309 है। जिसमें पुरुष 1614 एवं महिला जनसंख्या 1695 है। जिले में इनका निवास विकासखंड महासमुंद, बागबाहरा एवं पिथौरा के कुछ ग्रामों में है। इनमें बड़ी संख्या में लोग अब भी कच्चे मकानों, बिना बिजली, बिना राशन, बिना स्वास्थ्य सुविधा और बिना सड़क संपर्क के जीवनयापन कर रहे थे।



पीएम-जनमन योजना के अंतर्गत महासमुंद जिले के कमार जनजातीय परिवारों के लिए जिला प्रशासन एवं आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग ने समन्वय से कार्य प्रारंभ किया। घर-घर सर्वेक्षण के माध्यम से उनकी वास्तविक स्थिति को पहचाना गया और व्यक्तिगत दस्तावेजों से लेकर सामुदायिक संरचना तक का विकास किया गया। इस योजना के तहत 330 परिवारों को बिजली कनेक्शन प्रदान किया गया। जिससे अब बच्चे रात में पढ़ाई कर पा रहे हैं और जहरीले जीव-जंतुओं से मुक्ति मिली है। 314 परिवारों को स्वच्छ पेयजल मुहैय्या कराने पीएम नल-जल योजना के तहत हर घर नल जल प्रदाय किया गया। जिससे गंदे पानी से होने वाली बीमारियों में कमी आई है। विशेष पिछड़ी जनजाति के चिन्हांकित 678 कच्चे मकान में निवासरत परिवारों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृति मिल चुकी है। जिसमें 405 परिवारों को पक्का छत मिल गया है। शेष घर निर्माणाधीन है। 75 बसाहटों में आंगनवाड़ी, स्वास्थ्य सेवाएं और स्कूल का संचालन हो रहा है। जिससे बच्चों का नामांकन बढ़ा, संस्थागत प्रसव में वृद्धि हुई है। साथ ही सभी परिवारों का राशन कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड बनाए गए है। लक्षित बैंक खाता 1825 में सिर्फ 80 व्यक्तियों का लक्ष्य शेष है। विकासखंड पिथौरा एवं बागबाहरा अंतर्गत शत प्रतिशत लोगों का जाति प्रमाण बना लिए गए है। महासमुंद विकासखंड में 300 व्यक्तियों का जाति प्रमाण पत्र प्रक्रियाधीन है। किसान सम्मान निधि अंतर्गत शत प्रतिशत पात्र लोगों का पंजीयन कर लिया गया है। 26 सड़कविहीन बसाहटों में सड़कें बन रही हैं, जिससे मुख्यधारा से संपर्क सुलभ होगा। मोबाइल टावर की स्थापना स्वीकृत की गई है। अब दूरदराज के ग्रामों में भी डिजिटल सेवाएं पहुँच सकेंगी।

राशन कार्ड बनने से अब हर परिवार को प्रतिमाह 35 किलो चावल मुफ्त मिल रहा है। इससे भोजन की चिंता दूर हुई है और बच्चे विद्यालय जाने लगे हैं। शिक्षा की ओर यह झुकाव आने वाले समय में उनके जीवन स्तर को ऊपर उठाने में सहायक होगा। स्वास्थ्य के क्षेत्र में आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 लाख तक के मुफ्त इलाज का लाभ मिलने से अब परिवारों को इलाज के लिए दूर नहीं जाना पड़ता। मोबाइल मेडिकल यूनिट और स्वास्थ्य केंद्रों की सेवाएं ग्राम स्तर तक पहुँच रही हैं। बैंक खाते खुलने से अब लोगों को पेंशन, छात्रवृत्ति, सब्सिडी और अन्य योजनाओं का सीधा लाभ मिल रहा है। विशेषकर महिलाओं को महत्वपूर्ण योजनाओं जैसेमहतारी वंदन योजना का लाभ मिलने से परिवार में आर्थिक स्थिरता आ रही है।

जिला प्रशासन एवं सभी विभागों द्वारा सभी पिछड़ी जनजाति समुदाय को सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले में 2 बहुद्देशीय केंद्रों का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है, जहाँ आंगनवाड़ी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, बच्चों के लिए खेल मैदान, रसोई घर, किचन गार्डन जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इससे न केवल सेवा वितरण बेहतर होगा बल्कि समुदाय आदिवासी महा अभियान (पीएम-जनमन) महासमुंद जिले के कमार जनजाति के जीवन में खुशियां लेकर आया है। समुदाय के साथ शासन का संवाद और सहभागिता भी सशक्त होगी।

## गुड़ेलाभाठा की महिलाओं ने भेजी राखियां और मिठाइयां

**महासमुंद।** एक रक्षा सूत्र देश के जवानों के नाम अभियान अंतर्गत ग्राम गुड़ेलाभाठा की महिलाओं ने रक्षाबंधन पर्व को एक नई ऊंचाई देते हुए देश के रक्षकों और जनसेवकों के नाम प्रेम, कृतज्ञता और एकता का संदेश भेजा है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सावित्री बाई कुर्रे के नेतृत्व में महतारी वंदन योजना से लाभान्वित महिलाओं ने स्वैच्छिक सहयोग के माध्यम से मिठाई और राखियाँ एकत्रित कर भारतीय सेना के जवानों, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को प्रेषित की हैं। इस आयोजन का उद्देश्य केवल राखी भेजना नहीं, बल्कि यह बताना भी था कि गाँव की महिलाएं भी देश की रक्षा, सेवा और विकास के कार्यों से भावनात्मक रूप से जुड़ी हुई हैं। सेना के वीर जवानों को राखियाँ भेजी गई हैं, जो सीमाओं पर डटे रहकर देशवासियों की रक्षा कर रहे हैं। यह एक प्रतीकात्मक संदेश है कि देश की बेटियाँ और माताएं उन्हें अपना भाई मानती हैं और उनके सुरक्षा व सुख की कामना करती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके राष्ट्र निर्माण के कार्यों के लिए और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को महतारी वंदन योजना के माध्यम से महिलाओं को सम्मान और आर्थिक संबल देने हेतु राखियां भेजी गई हैं। इस अवसर पर पंच हेमिन बाई रात्रे, गौरी बाई कुर्रे, आशा बाई ठाकुर, सक्रिय महिला सदस्य मनुजा ठाकुर, किरण बघेल, राजकुमारी ठाकुर, चंपा ठाकुर, ग्राम प्रमुख गिरीसिंह ठाकुर, लक्ष्मण ठाकुर, आत्माराम बघेल, हीरा सिंह कुर्रे उपस्थित रहे।



## महिलाओं ने महादेव बनाकर की विशेष पूजा

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में सावन महीना के द्वितीय सोमवार पर महादेव बनाकर महिलाओं ने पूजा अर्चना की। सरोज चंद्राकर ने बताया कि सावन महीना में हिंदू धर्म में खास महत्व है। क्योंकि, सावन माह महादेव को समर्पित होता है। और सोमवार को भगवान महादेव पृथ्वी लोक पर अपने ससुराल आते हैं। धार्मिक मान्यता है कि इस महीना में थोड़ी सी पूजा से ही भगवान महादेव प्रसन्न हो जाते हैं और भक्तों के सारे दुख दूर कर देते हैं। वहीं सुख- समृद्धि की प्राप्ति होते है। साथ ही सावन के महीना में चार सोमवार का खास महत्व होते है। सावन का दूसरा सोमवार 21 जुलाई के दिन सर्वार्थ सिद्धि और अमृत सिद्धि योग बन रहे है। जिससे इस दिन का महत्व और भी बढ़ गया है। इन योगों में पूजा करने का दोगुना फल मिलता है। इस दौरान रेखा, ममता, दुर्गा, देवकी, कृष्ण, नंदिनी, शिवकुमारी, माधुरी, ममता, सरोज, पूनम, अरुण, डाली, गोदावरी, प्रियंका, मोनिका, टीना, लीना, हीना, बती, उतरा, गायत्री चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

## कौशल तिहार 2025 के अंतर्गत जिला स्तरीय कौशल प्रतियोगिता का आयोजन 23 जुलाई तक

**महासमुंद।** शासन के निर्देशानुसार प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर "कौशल तिहार 2025" का आयोजन किया जा रहा है। इस विशेष अवसर पर जिले में पंजीकृत वीटीपी संस्थाओं में प्रशिक्षित एवं प्रशिक्षणरत युवाओं के मध्य विभिन्न कौशल प्रतियोगिताओं का आयोजन निर्धारित तिथियों पर किया जाएगा। जिला स्तरीय कौशल प्रतियोगिता का आयोजन 21 से 23 जुलाई 2025 तक एवं राज्य स्तरीय कौशल प्रतियोगिता 28 से 30 जुलाई 2025 तक आयोजित किया जाएगा। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित विजेता प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्रदान किया जाएगा, जहाँ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया जाएगा। प्रतियोगिताएं चिन्हांकित कोर्सेस में आयोजित की जाएगी। जिसमें ड्राइविंग असिस्टेंट, असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन, जनरल ड्यूटी असिस्टेंट, मोबाइल फोन हार्डवेयर रिपेयर टेक्निशियन, जल वितरण संचालक शामिल हैं।

# शिक्षक क्षमता वर्धन एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद




जन साहस संस्था के तत्वावधान में शिक्षक क्षमता वर्धन एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें प्राचार्यागण एवं शिक्षकगण की भागीदारी रही। मुख्य अतिथि के तौर पर जिला कोर्ट अधिवक्ता चंद्रशेखर सोनी (पॉक्सो विशेषज्ञ), साइबर सेल से विजय जांगडे, थाना कोतवाली सहायक उपनिरीक्षक शायमा उपस्थित रहीं। महिला हिंसा एवं जेंडर आधारित भेदभाव पर अर्चना द्वारा विस्तार से जानकारी दी गई। पॉक्सो एक्ट, 2012 की जानकारी चंद्रशेखर सोनी जिला कोर्ट अधिवक्ता द्वारा विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही उपस्थित शिक्षक एवं प्राचार्या द्वारा प्रश्नोत्तरी सेशन किया गया। नए कानून के बारे में सायमा सहायक उपनिरीक्षक द्वारा जानकारी साझा की गई। साइबर अपराध पर साइबर सेल से विजय जांगडे द्वारा उदाहरण देकर साइबर अपराध के प्रकार और रोकथाम को बताया गया।

इस प्रकार महत्वपूर्ण विषयों पर उपस्थित शिक्षक एवं प्राचार्यों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस अवसर पर जन साहस संस्था से ज़िला समन्वयक अर्चना, प्रिवेन्शनिष्ट सरस्वती, डोंगर, फील्ड कॉउंसलर तोमेश्वरी और केस वर्कर लतिका और लेखराम उपस्थित रहे।

## स्थानीय भाजपा नेताओं और प्रशासन के संरक्षण में हो रहा रेत का अवैध उत्खनन : साव



**महासमुंद।** स्थानीय भाजपाई जनप्रतिनिधी और प्रशासनिक अफसरों के संरक्षण में बरबसपुर, बड़गांव में अवैध कारोबार धड़ल्ले जारी है। रेत माफिया खुलेआम अपने हाइवा और ट्रैक्टर में भरकर रेत बेच रहे हैं। शासन को लाखों के राजस्व की चपत लगा रहें है। प्रशासन चुप्पी साध कर बैठा है। कई थानों के सामने से रेत से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली और हाइवा निकलते रहते हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होती है। आगे साव ने कहा कि रेत माफियाओं द्वारा प्रतिदिन सैकड़ों ट्राली और डंपर भर कर रेत का परिवहन करने में खनिज विभाग और पुलिस की साठगांठ हैं। बरबसपुर, बड़गांव, सहित अनेक रेत घाट में से प्रतिदिन दर्जनों ट्रालियों, डंफर को भरा जा रहा है। इसके अलावा नदी नालों से रेत निकालने का अवैध कारोबार जारी है। रेत माफियाओं के अवैध कारोबार में पुलिस और खनिज विभाग का उन्हें पूरा सहयोग है। इन दिनों में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सैकड़ों मकानों का निर्माण का कार्य जारी है, जिस कारण से रेत की मांग बढ़ गई है, जिससे रेत के कारोबारियों की अत्यधिक कीमत वसूल कर रहे हैं।

## गोस्वामी समाज ने की कलेक्टर से मुलाकात, खट्टी स्कूल के युक्तियुक्तकरण को समाप्त करने की मांग

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज जिला इकाई महासमुंद के पदाधिकारियों द्वारा कलेक्टर विनय कुमार लंगेह से मुलाकात कर शासकीय प्राथमिक शाला खट्टी के युक्तियुक्तकरण को समाप्त कर शाला का नाम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय जीवन गिरि गोस्वामी के नाम पर करने की मांग की गई। इस अवसर पर कलेक्टर के समक्ष बात रखते हुए बताया गया कि उक्त विद्यालय लगभग 125 वर्ष पुरानी है, जहां क्षेत्र के अनेक स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने प्राथमिक शिक्षा प्राप्त किया है। जिनमें से स्वर्गीय जीवन गिरि गोस्वामी बहुत दिनों तक जेल निरुद्ध रहे तथा वे महासमुंद के प्रथम विधायक भी रहे थे। उन्हें प्राप्त ताम्रपत्र तथा विभिन्न दस्तावेज कलेक्टर को दिखाया गया। प्रतिनिधि मंडल में समाज के जिला अध्यक्ष तोषण गिरि गोस्वामी, उपाध्यक्ष रामेंद्र प्रकाश गिरि, संगठन सचिव शंकर पुरी, ओमप्रकाश पुरी, डिगेंद्र गिरि, यशवंत गिरि आदि सम्मिलित रहे।

# निजी उर्वरक एवं कीटनाशक विक्रेता केंद्रों का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

जिला स्तरीय निरीक्षण दल द्वारा 19 जुलाई को विकासखंड महासमुंद अंतर्गत ग्राम खट्टी के दो निजी कृषि विक्रय केंद्रों सिन्हा कृषि केंद्र एवं लक्ष्मी कृषि सेवा केंद्र का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सिन्हा कृषि केंद्र में उर्वरक का पॉस स्टॉक मिलान किया गया, जिसमें निर्धारित मात्रा में उर्वरकों का भंडारण पाया गया। साथ ही केंद्र में उपलब्ध बिल बुक रजिस्टर, स्टॉक रजिस्टर तथा कृषकों को प्रदाय बिलों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दल द्वारा सभी आवश्यक दस्तावेजों को समय पर एवं सही स्थिति में पाया गया।



वहीं लक्ष्मी कृषि सेवा केंद्र के निरीक्षण में 6 बोरी डीएपी उर्वरक नमी युक्त पाई गई, जिसे तत्काल निरुद्ध कर दिया गया। डीएपी का सैंपल लेकर प्रयोगशाला रायपुर भेजने की कार्रवाई की गई है। इसके अतिरिक्त विक्रय केंद्र द्वारा बोर्ड पर स्टॉक प्रदर्शन नहीं करने, स्टॉक रजिस्टर संधारित नहीं करने तथा ग्राहकों को बिल प्रदाय नहीं करने जैसी अनियमितताएं पाई गईं। इस संबंध में संबंधित विक्रेता को कारण बताओ नोटिस जारी कर 3 दिवस के भीतर जवाब प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। निरीक्षण के दौरान सहायक संचालक कृषि डॉ. परमजीत सिंह कंवर, अनुविभागीय कृषि अधिकारी बीआर घोड़ेसवार, उर्वरक निरीक्षक मनोज पटेल एवं उमेश चंद्राकर उपस्थित रहे। कलेक्टर के निर्देश पर निरीक्षण नियमित रूप से जारी रखते हुए विक्रेताओं को निर्धारित मानकों का पालन करने हेतु सतर्क किया जा रहा है।

# देश की सीमाओं में डटे सैनिकों की कलाई सजेगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

रक्षाबंधन के पावन अवसर पर

- आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और महतारी वंदन हितग्राहियों द्वारा भेजे राखियों से
- महासमुंद से सैनिकों को राखी और स्नेह से भरा पत्र भेजे गए

जिले की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं महतारी वंदन योजना की हितग्राहियों द्वारा भेजे गए राखियों से इस बार देश की सीमाओं पर तैनात वीर सैनिकों की कलाई सजेगी। भाई बहन के इस अटूट प्रेम को दर्शाते इस पावन त्यौहार में देशभक्ति और स्नेह से भरा पत्र भी लिखकर भेजा जा रहा है। जिले की आंगनबाड़ियों में कार्यरत बहनों ने न केवल अपने हाथों से रक्षासूत्र (राखी) तैयार किए, बल्कि सैनिकों के नाम स्नेह, सम्मान और कृतज्ञता से भरे पत्र भी प्रेषित किए।

इस अवसर पर महासमुंद शहरी सेक्टर 01 की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और महतारी वंदन की हितग्राहियों ने कहा कि बहनों के लिए उनके रक्षक केवल खुद का भाई ही नहीं, बल्कि देश की सीमाओं की रक्षा में समर्पित हमारे वीर सैनिक भी हैं। जब तक हमारे सैनिक सीमा पर जागते हैं, तब तक देशवासी निश्चिंत होकर विश्राम कर सकते हैं। जब सैनिकों की कलाई पर यह राखी बंधेगी, तब सैनिक न केवल गौरवान्वित महसूस करेंगे बल्कि देश की रक्षा के लिए मजबूत होकर हमेशा डटे रहेंगे।



शहरी सेक्टर के आंगनबाड़ी केंद्रों में सोमवार को यह कार्यक्रम उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग टी. जटवार ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य मातृशक्ति और समुदाय को देश सेवा के भाव से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र केवल बच्चों के पोषण और शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना और संस्कारों के वाहक भी बनते जा रहे हैं। इस अवसर पर फौजी भाइयों के लिए महतारी वंदन योजना से लाभान्वित माताओं बहनों द्वारा रक्षा सूत्र महासमुंद शहरी के आंगनवाड़ी केंद्र यतियतन लाल में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता राखी दुबे को सौंपा गया।

इस अवसर पर वार्ड नं10 के पार्षद माखन पटेल, पूर्व पार्षद शोभा शर्मा, पर्यवेक्षक शीला प्रधान, नपा से सीओ ममता बग्गा, आंगनवाड़ी सहायिका भानमती साहू, वीणा महिला समिति से सरला वर्मा, अनिता बिसेन, एवं सदस्य, वार्ड की अन्य महिलाएं क्रमशः गणेशिया चंद्राकर गायत्री देवांगन कुमारी बाई, चित्रलेखा, ललिता, वंदना चंद्राकर, वर्षा चंद्राकर, कांति साहू, श्यामा बाई, दशमत यादव, मीनाक्षी जलक्षत्री मौजूद रहे।

## कर्मा जागृति महिला मंच ने मनाया सावन उत्सव



**महासमुंद।** बीते शनिवार को कर्मा जागृति महिला मंच द्वारा सावन उत्सव का आयोजन धूमधाम से किया गया। माता कर्मा के छायाचित्र पर पूजा एवं दीप प्रज्जवलित कर इस कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही सती साहू ने किया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम भजन एवं सावन गीत की प्रस्तुति दी गई।

## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ में सुशासन नहीं, जंगलराजः राकेश

**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष राकेश झाबक ने छत्तीसगढ़ में बिगड़ी कानून व्यवस्था पर राज्य की सहायक सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि छत्तीसगढ़ में कानून व्यवस्था की स्थिति कई घटनाओं और आंकड़ों के आधार पर लगातार बदतर होती दिखाई दे रही है। अपराधों में वृद्धि, पुलिस की निष्क्रियता, नक्सली हिंसा, महिला सुरक्षा और राजनीतिक संरक्षण जैसे मुद्दों ने स्थिति को चिंताजनक बना दिया है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के 2023 आंकड़ों के अनुसार, छत्तीसगढ़ में महिलाओं के खिलाफ अपराधों में 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई। औसतन 5–6 मामले दर्ज। ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में तेजी से बढ़ी।



### लक्ष्मी देवी सुगंधी शिक्षक अवार्ड से सम्मानित होंगे हेमंत

**पिथौरा।** देश के प्रतिष्ठित पत्रकार ललित सुरजन की जयंती के अवसर पर कल रायपुर के लोकायन में आयोजित व्याख्यान एवं सम्मान समारोह में हेमंत खुटे को लक्ष्मी देवी सुगंधी शिक्षक अवार्ड से नवाजा जाएगा। यह सम्मान हेमंत खुटे को शिक्षा के क्षेत्र में दिए गए उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया जा रहा है। ज्ञात हो कि शिक्षा व लेखन कार्य में उत्कृष्ट योगदान के लिए इन्हें मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण ज्ञान दीप सम्मान, राज्यपाल अवॉर्ड एवं डॉ. पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी स्मृति सम्मान छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदत्त किया जा चुका है।





### डीईओ ने किया खट्टी स्कूल का निरीक्षण

**महासमुंद।** शासकीय प्राथमिक शाला खट्टी में जिला शिक्षा अधिकारी विजय लहरे एवं डीएमसी रेखराज शर्मा ने शाला का किया आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने बच्चों के साथ बैठकर मध्यान्ह भोजन ग्रहण किया। मध्याह्न भोजन में मुनगा, आलू, दाल चावल बनाया गया था। भोजन की गुणवत्ता उपयुक्त मिला। इस दौरान अधिकारियों ने प्रत्येक क्लास में पहुंचकर बच्चों के सीखने के स्तर, लर्निंग आउटकम, शिक्षक डायरी सहित एफएलएन के मानक बिंदुओं पर शिक्षकों से चर्चा की। इस दौरान अधिकारियों ने शिक्षकों से नियमित बच्चों को गृह कार्य देने, पालक संपर्क कर बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने का निर्देश दिया। साथ ही नवोदय प्रवेश परीक्षा की तैयारी कराने का निर्देश देते हुए ज्यादा से ज्यादा बच्चों से आवेदन भरवाने का निर्देश शिक्षकों को दिया। एक पेड़ मा के नाम के तहत व्यापक पैमाने में हुए पौधरोपण की तारीफ की। इस दौरान विकासखंड शिक्षा अधिकारी भी मौजूद थे।

# साध्वी राधिका के गुरु पर्व महोत्सव में श्रद्धा और भक्ति का रहा अभूतपूर्व संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

गुरु जब अपने शिष्य पर कृपा करते हैं तो उसे आध्यात्मिक और व्यावहारिक ऊर्जा से सराबोर करते हैं। गुरु अगर व्यवहारिक तौर पर जीवन जीने का मंत्र देते हैं तो जीवन को आध्यात्मिक उत्कर्ष तक पहुंचाने के लिए मंत्र के साथ साथ ग्रंथ भी देते हैं। कृष्णम वंदे जगतगुरूम अर्थात जब भगवान कृष्ण ने अर्जुन पर कृपा की तो युद्ध के मैदान में भक्ति और मुक्ति का मंत्र दिया। साथ ही गीता जैसे ग्रंथ दिया। इसी तरह नारद ने वेदव्यास को अध्यात्म का मंत्र दिया तो महाभारत जैसा ग्रंथ भी दिया।

उपरोक्त उद्गार अयोध्याधाम से पधारी सुप्रसिद्ध कथा वाचिका राधिका किशोरी ने पिथौरा में आयोजित गुरुपर्व महोत्सव में हजारों की संख्या उपस्थित अपने अनुयायियों को प्राचीन भारतीय गुरु-शिष्य परंपरा का महत्व प्रतिपादित करते हुए व्यक्त किए। साध्वी राधिका किशोरी ने कहा कि गुरुर ब्रह्मा गुरुर विष्णु गुरुर देवो महेश्वरा यह श्लोक गुरु का महिमामंडन करते हुए आदिकाल से प्रचलित है, इसके गूढ़ रहस्य को समझना जरूरी है। गुरु के रूप में ब्रह्मा अपने चारों मुख से भगवान विष्णु अपने चारों हाथों से और भगवान शंकर अपने पांच मुख से कृपा करते हैं। गुरु के रूप में ब्रह्मा अपने चार मुख से क्रमशः मंत्र ग्रंथ धाम और भाव प्रदान करते हैं।



भगवान विष्णु अपने चारों हाथ से क्रमशः आशीर्वाद, शब्द, स्पर्श और प्रसाद प्रदान करते हैं। इसी तरह भगवान शंकर अपने पांचों मुख से क्रमशः पांच विकारों का मर्दन करते हैं। दूषित विचारों का, दूषित आहार का, व्यवहार के प्रपंचों का तथा आकार परिवर्तन से मुक्त करते हैं। भारतीय संस्कृति में गुरु-शिष्य परंपरा काफी समृद्ध रही है।

बदलते परिवेश में इसके महत्व को कमतर करके आंका जा रहा है। किंतु, विश्व गुरु बनने के लिए इस परंपरा का उत्थान अपरिहार्य है। कार्यक्रम में जयसिंह यादव, मुकेश मिश्रा, नंदलाल तिवारी की संगीत मंडली द्वारा प्रस्तुत भजन आकर्षण का केंद्र रहे। बसना विधायक डॉ संपत अग्रवाल तथा पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, पूर्व मंडी अध्यक्ष प्रेमशंकर पटेल, जिला पंचायत के सभापति रामदुलारी सिन्हा, वरिष्ठ पत्रकार नीरज गजेंद्र एवं दानवीर शर्मा ने भी राधिका किशोरी से आशीर्वाद प्राप्त किया।

### इनका रहा सराहनीय योगदान

कार्यक्रम में जय राघव जय माधव समिति के उमेश दीक्षित, सतपाल छाबड़ा, प्रेमशंकर पटेल, राधेश्याम अग्रवाल, सीताराम सिन्हा, मनोहर साहू, पुनीत सिन्हा, सादराम पटेल, अभय दुबे, कंवलजीत सिंह छाबड़ा, द्वारिका पटेल, मोनू अग्रवाल, पोलाराम डड़सेना, बोधीराम चौधरी, वेदप्रकाश गोयल, दिनेश पटेल, यशवंत डड़सेना, घनश्याम साहू, हेमंत निषाद, गोवर्धन ध्रुव, घनश्याम धांधी, मिथलेश पटेल, चंचल सिन्हा, विनोद सिन्हा, परमेश्वर डड़सेना, सुयश गोयल, कृष्ण कुमार चौहान, चित्रसेन बारीक, वृंदावन विश्वकर्मा, विद्या चरण नायक, सुखसागर जगत, टेकलाल सिन्हा, रविशंकर पटेल, डॉ राजेंद्र नायक, उमाशंकर पटेल, विवेक पटेल, खेमराज सिन्हा, दिनेश चौधरी ,ताम्ररस साहू आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## चौपाल : बसना विधायक ने अंसुला में सुनी जन समस्याएं

# गांव की समृद्धि मेरी प्राथमिकता : संपत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांकरा

सांकरा क्षेत्र के ग्राम अंसुला में श्रावण मास के दूसरे सोमवार को एक भावनात्मक और जनसंपर्क से जुड़ी ऐतिहासिक पहल देखने को मिली। विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने इस पवित्र अवसर पर भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की मंगलकामना की। पूजा के पश्चात ग्रामवासियों से सीधे संवाद के लिए ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें पूरे गांव ने गर्मजोशी से विधायक डॉ संपत अग्रवाल का स्वागत किया।

विधायक डॉ अग्रवाल ने अपने उद्बोधन की शुरुआत शिव वंदना से करते हुए कहा कि श्रावण मास का हर सोमवार हमें सेवा और साधना की प्रेरणा देता है। मैंने आज भगवान भोलेनाथ से




**गांव में योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करना ही सरकार की प्राथमिकता**

पूरे प्रदेश और गांव के लोगों की सुख-शांति की प्रार्थना की है। साथ ही, विकास की इस यात्रा में जनसंवाद ही मेरा संबल है।

उन्होंने ग्रामवासियों से सौजन्य भेंट की और व्यक्तिगत रूप से उनकी समस्याओं को सुना। चौपाल की सभा में उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि ग्राम अंशुला की समृद्धि मेरी प्राथमिकता है। विधायक डॉ अग्रवाल ने कहा कि साय सरकार की नीति स्पष्ट है कि हर योजना अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। यह सिर्फ वादा नहीं, हमारा कर्तव्य है। मेरी प्रतिबद्धता है कि गांव के हर नागरिक को स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, पानी और रोजगार जैसी मूलभूत सुविधाएं निर्बाध रूप से उपलब्ध हों। उन्होंने ग्रामीणों को केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय योजना, जन धन योजना, पेंशन योजना, महतारी वंदन योजना और मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी और बताया कि अब इन्हें और अधिक प्रभावशाली ढंग से लागू किया जाएगा।

चौपाल में मौजूद ग्रामीणों ने स्थानीय समस्याएं संबंधी मुद्दों को विधायक डॉ अग्रवाल के समक्ष रखा। जिस पर विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने हर समस्या पर ध्यान देते हुए कहा कि आपके सहयोग और विश्वास के साथ, हर समस्या का समाधान संभव है। मैं स्वयं इन विषयों की निगरानी करूँगा। ग्राम चौपाल में महिलाएं, युवा, बुजुर्ग सभी उपस्थित रहे और जनप्रतिनिधि से खुलकर संवाद किया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश अग्रवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि सोनू छाबड़ा, जनपद सदस्य पुरुषोत्तम धृतलहरे, जनपद सदस्य कवलजीत छाबड़ा, रेमडा सरपंच प्रतिनिधि सोहन पटेल, अंशुला सरपंच सुधारु पालेश्वर, चारभाटा, सपोस, पाटनदादर सरपंच, भाजपा कार्यकर्ताओं सहित भारी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## प्राची को आयुर्वेद चिकित्सा में डॉक्टर की डिग्री मिलने से क्षेत्र में हर्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

शहर की प्राची दास आयुर्वेद चिकित्सा में एक वैद्य /चिकित्सक (बीएएमएस) बन गई है। प्राची प्रारंभ से ही मेधावी छात्रा थी एक क्लासिकल नृत्यांगना के साथ ही साथ योग कला में पारंगत भी है। इन्होंने अपने आयुर्वेद चिकित्सा की शिक्षा नृसिंहनाथ आयुर्वेद कॉलेज एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट नृसिंहनाथ/ पाईकमाल जिला-बरगढ़ (ओडिशा) जो कि विगत 50 वर्षों से संचालित है से प्राप्त किया है। कल ही उन्हें यह उपाधि प्राप्त हुई है। वह बैच 2019-20 की छात्रा थी। डॉक्टर प्राची, बसना के डॉक्टर विवेकानंद दास की सुपुत्री हैं। डॉ. विवेकानंद दास बसना क्षेत्र में लोकप्रिय व्यक्ति, चहुंमुखी प्रतिभा के धनी एवं शिक्षक हैं। माता धर्मशीला दास जिला उपाध्यक्ष स्काउट्स एवं गाइड्स महासमुंद तथा ग्राम पंचायत बंसुला के निर्विरोध पंच हैं। डॉक्टर प्राची दास के बड़े पापा आनंद बिलास दास सेवानिवृत्त एसएडीओ कृषि हैं। इनके बड़े भैया डॉक्टर साकेत दास आयुर्वेद चिकित्सा में गोल्ड मेडलिस्ट डॉक्टर हैं, जो कि आयुर्वेद चिकित्सा में ख्यातिप्राप्त हैं तथा रायपुर स्थित दीनदयाल उपाध्याय नगर में विश्व अमृतम आयुर्वेद क्लिनिक के संचालक भी हैं। डॉ. प्राची दास की इस उपलब्धि पर सारा क्षेत्र, बसनावासी, समाज, परिवार गौरवान्वित है।

# शराब घोटाला कर कांग्रेस ने जनता को लूटा : सरला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

छत्तीसगढ़ में कांग्रेस द्वारा 22 जुलाई को प्रस्तावित प्रदेशव्यापी आर्थिक नाकेबंदी प्रदर्शन का विरोध जताते हुए भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं राज्य महिला आयोग की सदस्य सरला कोसरिया ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा।

उन्होनें कहा कि शराबबंदी का झूठा वादा कर सत्ता में आई कांग्रेस ने अरबों रुपए के शराब घोटाले कर जनता को लूटा।



उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में कोल ब्लॉक, डीएमएफ फंड, शराब घोटाला और महादेव सट्टा जैसे अनगिनत घोटाले हुए। कांग्रेस ने शासनकाल में भ्रष्टाचार के नये-नये तरीके ईजाद किए और छत्तीसगढ़ को एटीएम बनाकर दिल्ली के आकाओं तक पैसा पहुंचाया।

सरला कोसरिया ने कांग्रेस पर तीखा कटाक्ष करते हुए कहा कि आज जब कांग्रेस के नेताओं के खिलाफ जांच हो रही है और गिरफ्तारी हो रही है, तब यह बदले की राजनीति कह रहे हैं, जबकि सच्चाई यह है कि केंद्र सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। जो भी दोषी होगा, उसे बख्शा नहीं जाएगा।

# सुरक्षा में तैनात जवानों के लिए भेजा रक्षासूत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खल्लारी

भीमखोज सेक्टर के लगभग 28 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं महतारी वंदन योजना से लाभान्वित हो रहे महिलाओं ने देश के सैनिकों के लिए राखी भेजा। बता दें कि रक्षाबंधन पर्व पर देश की सीमा पर तैनात सैनिकों की कलाई सरहद पर ड्यूटी के दौरान सुनी न रहे और देश सुरक्षित रहे, इस उद्देश्य और सैनिकों के कुशल व खुशहाल जीवन लिए प्रदेश एकीकृत महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना के विशेष मार्गदर्शन में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के विशेष सहयोग से रक्षासूत्र भेजा जा रहा है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता चुन्नी साहू ने ग्रामीण महिला व महतारी वंदन योजना से लाभान्वित हो रहे महिलाओं के साथ सीमा पर तैनात सैनिकों के लिए राखी भेजा। इस दौरान ममता यादव, अम्बिका साहू, भारती यादव, सुशीला विश्वकर्मा, सत्यवती यादव, कलाबाई यादव, हसीना यादव, बिंदिया विश्वाकर्मा, राजश्री खुंटे, रमशीला विश्वकर्मा, सिलोचनी ध्रुव, तुलसी सबर आदि मौजूद रहे।



# आयुष्मान आरोग्य मंदिर सलडीह में राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी महासमुंद के आदेशानुसार एवं खंड चिकित्सा अधिकारी के मार्गदर्शन में आयुष्मान आरोग्य मंदिर पवित्रा शासकीय पीएचसी सलडीह में राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत विकलांगता रोकथाम और चिकित्सा पुनर्वास कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदीप कुंदू राज्य समन्वयक (डीएफआईटी) डॉ मधुराज देवांगन फिजियोथैरेपिस्ट (राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम) महासमुंद द्वारा सलडीह में क्षेत्र से 20 मरीज का उपचार किया गया। जिसमें नए 4 मरीज मिले, जिसका तुरंत उपचार प्रारंभ किया गया और टाइप वन के चार और टाइप टू के 3 मरीज मिले, जिसका दवाई प्रारंभ किया गया। साथ ही उन सभी का



जल तेल उपचार कर बताया गया और सभी को अपने घर पर जल तेल उपचार करने के लिए सलाह दिया गया। साथ ही कार्यक्रम की समीक्षा भी की।

ज्ञात हो कि पूरे विश्व में सबसे ज्यादा कुष्ठ के मरीज भारत में और राज्य में छत्तीसगढ़ अव्वल है। जिसमें महासमुंद जिले में कुष्ठ के प्रभावी दर ज्यादा है। जिसके तहत पिथौरा खंड में भी अत्यधिक कुष्ठ के मरीज है। जिसका समय पर उपचार किया जा रहा है। विगत वर्षों से अभी वर्तमान में सलडीह में कुष्ठ के प्रभावी दरों में तेजी से कमी आई है। ये सब मितानिन और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के मेहनत का नतीजा है, जो कि समय समय पर अपने कार्य क्षेत्रों में घर घर दौरा कर सर्वे कर संभावित मरीज की पहचान करते है। शासन द्वारा समय समय पर अनेक कार्यक्रम प्रचार प्रसार नारे लेखन किया जाता रहा है। जिसके माध्यम से जन समूहों को जागरूक किया जाता है। शासन द्वारा कुष्ठ के नए गाइडलाइन का पालन करने के लिए जिला टीम द्वारा बताया गया। कार्यक्रम में राज्य से प्रदीप कुंदू राज्य समन्वयक, डॉ मधुराज देवांगन फिजियोथैरेपिस्ट, सेक्टर प्रभारी मनीष भारद्वाज, अमरजीत सिंह रामगढ़िया वरिष्ठ एनएमए सांकरा, सेक्टर पर्यवेक्षक दीपक दास, रुक्मणि साहू सिस्टर, कोमल वर्मा सीएचओ, रचना दीप स्टाफ नर्स, रामेश्वरी ठाकुर सिस्टर, प्रमोद साहू, राजकुमार दीप ,वीरेंद्र नंद कंप्यूटर आपरेटर, तुलसी यादव लैब टेक्नीशियन एवं मितानिनों का भरपूर सहयोग रहा।

## श्रद्धालुओं ने शिवालय में जलाभिषेक के साथ बेल पत्र किया अर्पित

**बिरकोनी।** सावन माह के दूसरे सोमवार पर बच्चों ने जलाभिषेक के बाद बेलपत्र अर्पित कर ओम नमः शिवाय जाप किया। वही चंडी मंदिर शिवलिंग में श्रद्धालु पूजा अर्चना के लिए पहुंचे। सुबह से ही रिमझिम बारिश के साथ शिवालयों में हर हर महादेव के जयकारे गूंजते रहे। शीतला तालाब स्थित व बड़े तालाब व गोपी तालाब के शिव मंदिर में सुबह से ही भक्तों के पहुंचने का सिलसिला शुरू रहा। स्कूली बच्चों की भक्तिमय रौनक देखी गई। बेल पत्र अर्पित कर भोले की आराधना किया। चंडी मंदिर में महादेव का जलअभिषेक व दूध अभिषेक कर विधि-विधानपूर्वक पूजा अर्चना की। ग्राम स्थित रामजानकी मन्दिर में व्रतधारी भक्तों द्वारा बेलपत्र व जल अभिषेक कर मनोकामनाएं मांगी। इसके अलावा बड़गांव में महानदी किनारे स्थित शिवालय में भी महानदी के जल से अभिषेक किया। नयापारा चण्डी मंदिर स्थित शिवालय में जलाभिषेक के बाद ओम नमः शिवाय जाप किया गया।



## बसना विधायक डा. संपत अग्रवाल ने कहा : विद्यार्थियों के लिए आधुनिक सुविधाओं की सौगात

# विधायक ने हाईस्कूल भवन निर्माण का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

विधायक डॉ संपत अग्रवाल के नेतृत्व में बसना क्षेत्र में शैक्षणिक विकास की दिशा में एक अहम कदम उठाया गया। राज्य सरकार की स्वीकृति के बाद बसना में नवीन हाईस्कूल भवन के निर्माण कार्य का भूमिपूजन विधायक डॉ संपत अग्रवाल के द्वारा शिलान्यास कर विधिवत भूमिपूजन के साथ हुआ। इस अवसर पर 75.23 लाख रुपए के विकास कार्य की सौगात क्षेत्र को दी गई, जिसके लिए विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया।विधायक डॉ अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज बसना के शैक्षणिक भविष्य को साकार करने के लिए एक नई शुरुआत हुई है। बसना के विद्यार्थियों को अब आधुनिक और सुविधायुक्त शिक्षण माहौल प्राप्त होगा। हम चाहते हैं कि हमारे क्षेत्र के बच्चे भी उच्च स्तरीय शिक्षा व वातावरण में अध्ययन करें।

उन्होंने आगे कहा कि यह भवन न केवल भौतिक ढांचे को मजबूत करेगा, बल्कि बच्चों के समग्र विकास में मील का पत्थर साबित होगा। विधायक डॉ अग्रवाल आगे यह भी उल्लेख किया कि यह नया



भवन केवल ईंटों और सीमेंट का ढांचा नहीं बल्कि बच्चों के समग्र विकास की नींव है। शिक्षा केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं है बल्कि वातावरण, संसाधन और प्रेरणा का भी मेल है। यही उद्देश्य इस भवन निर्माण का मूल आधार है।

इस अवसर पर स्कूल की छात्राओं ने विधायक को एक आवेदन पत्र सौंपा, जिसमें विद्यालय परिसर में शौचालय और शेड निर्माण की मांग की गई। विधायक डॉ अग्रवाल ने इसे गंभीरता से लेते हुए तत्काल स्वीकृति प्रदान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि छात्राओं की सुरक्षा और स्वच्छता हमारी प्राथमिकता है, और इन मांगों को जल्द पूरा किया जाएगा। बता दें कि यह नया भवन स्वामी आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) के परिसर में स्थित चयनित स्थल के बाईं ओर बनाया जाएगा। इस नवीन स्कूल भवन निर्माण में 10 आधुनिक कक्ष, पुस्तकालय, कंप्यूटर कक्ष, बालक एवं बालिका शौचालय बनाए जाएंगे। भवन निर्माण के साथ-साथ नलकूप खनन, जल आपूर्ति व्यवस्था , सेनेटरी और विद्युतीकरण कार्य भी शामिल है। कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश अग्रवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ खूशबू अग्रवाल, उपाध्यक्ष शीत गुप्ता, जनपद पंचायत अध्यक्ष डिलेश्वरी निराला, उपाध्यक्ष मोहित पटेल, सभापति प्रकाश सिन्हा, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र यादव, पार्षदगण, जनपद सदस्यगण समेत कई जनप्रतिनिधि, शिक्षकगण, विद्यार्थी उपस्थित रहे।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), पिथौरा जिला महासमुंद (छ.ग.)**

**// राजस्व मामले में नोटिस //**

रा.मा.क्र 202306120400009/
अ 27 वर्ष 2022-23
ग्राम-सेवाती, प.ह.नं.- 26 तहसील
पिथौरा जिला महासमुन्द

प्रति,

1. सुमिरत उर्फ चन्द्रवती पिता सुकलाल, पति-थानुराम निवासी ग्राम-बलौदा, थाना व तह, खरियार रोड़, जिला-नुआपड़ा (उड़िसा)

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अपीलार्थी बृजलाल पिता फुसलु निवासी ग्राम - भरूवामुड़ा, तहसील-पिथौरा, जिला-महासमुन्द (छ.ग.) द्वारा न्यायालय नायब तहसीलदार पिथौरा, राजस्व प्रकरण क्रमांक 202108122700007 अ-27 वर्ष 2020-21 पारित आदेश दिनांक 10.04.2023 से क्षुब्ध होकर अपील आवेदन प्रस्तुत किया है जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है। उक्त प्रकरण की सुनवाई दिनांक 30.07.2025 को नियत है। अतएवं उक्त तिथि को सुनवाई हेतु उपस्थित होना सुनिश्चित करें । आज दिनांक 17.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), पिथौरा जिला महासमुंद (छ.ग.)**

**समक्ष श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी दण्डाधिकारी महोदय महासमुन्द छ.ग.**

**शपथ पत्र**

शपथकर्ता :- जसलीन कौर दत्ता पति श्री हरप्रीत सिंग दत्ता निवासी वार्ड नं 13 गुरूद्वारा के पीछे महासमुन्द, तहसील व जिला महासमुन्द छ.ग. निम्न कथन शपथपूर्वक प्रस्तुत करती हूं।

1. यह कि, मेरा नाम व पता उपरोक्तनुसार है। 2. यह कि मैं अपना नाम परिवर्तन कर, अपना पुराना नाम फाल्गूनी साहू (Falguni Sahu) पिता श्री प्रदीप कुमार साहू (Pradip Kumar Sahu) निवासी : 137 कबीर बिहार, रमन टोला महासमुन्द तहसील व जिला महसमुन्द छ.ग. के स्थान पर नया नाम जसलीन कौर दत्ता (Jasleen Kaur Datta) पति श्री हरप्रीत सिंग दत्ता (Harpreet Singh Datta निवासी : वार्ड नं 13 गुरूद्वारा के पीछे महासमुन्द, तहसील व जिला महासमुन्द छ.ग. करवाना चाहती हूं अब भविष्य में मैं जसलीन कौर दत्ता (Jasleen Kaur Datta) पति श्री हरप्रीत सिंग दत्ता (Harpreet Singh Datta निवासी वार्ड नं 13 गुरूद्वारा के पीछे महासमुन्द, तहसील व जिला महासमुन्द छ. ग. के नाम से जाना पहचानी जाऊंगी । 3. यह कि मेरे द्वारा दी गई जानकारी में भविष्य में किसी प्रकार की गलती पाई जाती . है तो उसकी सम्पूर्ण जवाबदारी मेरी स्वयं की होगी। 4. यह कि, नाम परिवर्तन के समर्थन सूचना के प्रकाशन छ.ग. के राजपत्र में प्रकाशित करवाना चाहता हूं। जिस संबंध में शपथ पत्र प्रस्तुत है।

मुहर **शपथकर्ता**

## खबर संक्षेप



### विधायक के खिलाफ पर्चा, थाने में शिकायत

**पटेवा।** रविवार को पटेवा थाना में भाजपा सिरपुर पटेवा मंडल के कार्यकर्ताओं द्वारा थाना प्रभारी को महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा को बदनाम करने की नियत से पर्चा बनाकर चिपकाया गया था, जिसके विरोध में दंडनीय कार्रवाई के लिए आवेदन दिया गया। जिसमें सुनील पटेल मंडल महामंत्री, देवकी प्रकाश पटेल जिला पंचायत सदस्य, सोमनाथ सिन्हा, मनोहर साहू, सुनील शुक्ला, पप्पू देवांगन, नीतिश गजेंद्र, लीलाधर नायक, भैरव पाल, कमलेश पटेल, दुर्गेश यादव, पवन यादव आदि शामिल रहे।



### अरंड से सिरपुर के लिए निकले कांवरिए

**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम अरंड के जय महावीर समिति द्वारा 20 जुलाई को बोलबम कांवरिया संघ के नेतृत्व में कांवरिए शोभाराम ध्रुव, मिलो बाई ध्रुव, टिकेश्वरी बाई, कुमकुम, सेतबाई ध्रुव, हेम बाई ध्रुव, अजय ध्रुव आदि सिद्ध बाबा से जल लेकर रवाना हुए। वे महाशिवरात्रि आगामी सोमवार को सिरपुर पहुंच कर भगवान गंद्धेश्वर मंदिर में जलाभिषेक करेंगे। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बोल बम कांवरिया संघ ने जय महावीर बोल बम कांवरियां समिति अरंड से ग्राम के शोभाराम ध्रुव अपने परिवार के साथ लगातार 26 साल से कांवर यात्रा करते आ रहे हैं। इस वर्ष लगातार 27वां साल होने जा रहा है।

### स्मार्ट मीटर में खामियां

**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष राकेश झाबक ने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा लगाया जा रहे हैं नए स्मार्ट मीटर की खामियों को बताते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में जो हर घर में स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं उसके दुष्परिणाम आने लगे हैं, स्मार्ट मीटर लगने के बाद जनता परेशान हो चुकी है जिन उपभोक्ताओं का बिल 300-400 रुपए आता था स्मार्ट मीटर लगाने के बाद उनका बिल 1000-1200 रुपए आ रहा है।

# स्वामी आत्मानंद स्कूल भंवरपुर में छात्रसंघ का गठन, कृष्णा बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भंवरपुर

अंचल में शिक्षा के गढ़ के रुप में स्थापित और शिक्षा के केंद्र के रुप में विख्यात स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय अपनी अनेकानेक कार्यों से कोमल बालमन के स्वर्णिम भविष्य के निर्माण के लिए सदैव समर्पित है।

इसी कड़ी में शनिवार को छात्रों में नेतृत्व, पर्यावरण (ईको), अनुशासन, खेल, विज्ञान, साहित्यिक, सांस्कृतिक, स्वच्छता, नैतिक, सामाजिक, रचनात्मक व बहुमुखी व्यक्तित्व के विकास व स्वप्रेरणा की भावना के विकास के लिए विभिन्न क्षेत्रों में छात्रसंघ का गठन व शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

उत्कृष्ट विद्यालय भंवरपुर वास्तव में छात्र-छात्राओं का ही विद्यालय है। विद्यालय में निर्देशन व प्रबन्धन शिक्षकों से प्राप्त होता है, लेकिन उनका अनुकरण करते हुए कार्य रुप में रुपांतरण छात्र-छात्राओं का दायित्व है। नेतृत्व व धरातल पर कर्तव्य का सम्यक निर्वहन छात्र-छात्राओं का दायित्व है। बच्चों में नेतृत्व व उत्तरदायित्व के सही विकास हेतु उत्कृष्ट विद्यालय में छात्रसंघ का गठन हुआ है।

## शपथ ग्रहण के साथ उनके दायित्वों व कर्तव्यों के बारे में दी गई जानकारी

### किनको मिला दायित्व

छात्र संघ के अध्यक्ष (शाला नायक) के रुप में कक्षा-बारहवीं कला से कृष्णा चौहान का चयन लोकतांत्रिक विधि (चुनाव के माध्यम से) से किया गया। उपाध्यक्ष (उप शाला नायक) के लिए समीर उइके, रोशन निषाद, भरत पटेल, क्षमानिधि चौहान, डमरुधर रात्रे, गेशु देवांगन, वैष्णवी खुँटे, हेमा राय, नियति पटेल, जयंत यादव, नोमेश देवांगन, अनिल यादव का चुनाव हुआ। सांस्कृतिक सचिव नयन पंडा व खुशबू सिदार, ईको क्लब प्रभारी भूमेश व पंकज पटेल, अनुशासन सचिव देवप्रसाद पटेल, जूनियर रेडक्रास सचिव भरत पटेल, स्काउट सचिव क्षमानिधि चौहान, छात्रा प्रतिनिधि वैष्णवी खुंटे, विज्ञान विभाग क्षितिज देवांगन, अटल टिंकरिंग नयन पंडा व क्रीड़ा सचिव के लिए विनय जगत का चुनाव या चयन किया गया।




### चयन के बाद हुआ शपथ ग्रहण

चयन प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात छात्र संघ के सभी सदस्यों का शपथ ग्रहण हुआ और उनके यथोचित दायित्वों व कर्तव्यों के विषय में पूरी जानकारी दी गई। कार्यक्रम की रुपरेखा व निर्देशन संस्था के प्राचार्य टीके पटेल, वरिष्ठ व्याख्याता एनके दीवान व शिक्षक डीपी पटेल के सानिध्य में हुआ। कार्यक्रम में एसएल चौहान, ए भोई, पीके निर्मलकर, एव्ही कदम, डीके दास, डीके बंधु, डीके सतपथी, पीके बारीक, जीएस पटेल, एचएस पटेल, एचआर चौहान, एसके भोई, एम पटेल, आर देवांगन, ए पटेल, एल नायक, एल चौहान आदि शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। इस प्रकार कार्यक्रम का सफल समापन हुआ।

## रोष: बागबाहरा में एक विशाल जनांदोलन का आयोजन

# कांग्रेसियों ने बागबाहरा बिजली कार्यालय का किया घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

- बढ़ती बिजली दरों और जनविरोधी नीतियों के खिलाफ गरजा जनसैलाब

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर और जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशन में बिजली न्याय आंदोलन के तहत सोमवार को बागबाहरा में एक विशाल जनांदोलन का आयोजन किया गया। पूर्व संसदीय सचिव व वर्तमान खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव की अगुवाई में हुए आंदोलन में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी पिथौरा चौक में जुटे, जहां से बाइक रैली निकालकर बिजली कार्यालय नवागांव का घेराव किया। इस मौके पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त ब्लॉक प्रभारीगण राजू यादव, सचिन गायकवाड़ एवं गौरव चंद्राकर की विशेष उपस्थिति रही।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ठाकुर, ग्रामीण कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रवि निषाद, कोमाखान कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संतोष पटेल, बागबाहरा नगर पालिका अध्यक्ष खिलेश्वरी बघेल, जनपद अध्यक्ष केशव चंद्राकर, युवा कांग्रेस खल्लारी विधानसभा अध्यक्ष ताम्रध्वज बघेल, अंकित बागबाहरा, डिगेश देवांगन, राजेश सोनी, शहजान पाशा, दिनेश मोगरे, चंदूलाल साहू, लखबीर छाबड़ा, एडिशन ठाकुर, देवेश साहू, केशव राम साहू, मंता यादव, शिवा जगत, ओम प्रकाश चक्रधारी, राजेश सिन्हा, आदित्य वाकडे, निमेश, बसंता ठाकुर, सविता निषाद, कांतिलाल तिवारी, दुर्गा सागर सहित कांग्रेस के विभिन्न प्रकोष्ठ के पदाधिकारी व सदस्यगण तथा बड़ी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकगण उपस्थित रहे।





### झूठे वादों और लूट की राजनीति से थक चुकी है जनता

विधायक द्वारिकाधीश यादव ने कहा कि जनता अब झूठे वादों और लूट की राजनीति से थक चुकी है। डबल इंजन की भाजपा सरकार ने प्रदेश की भोली-भाली जनता के भरोसे का गला घोंट दिया है। जिस छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार ने बिजली बिल हाफ योजना से 65 लाख उपभोक्ताओं को राहत दी, आज उसी छत्तीसगढ़ में बिजली की दरें आसमान छू रही हैं। यादव ने आगे कहा कि कोयला हमारा, पानी हमारा, जमीन हमारी और हमें ही महंगे दामों पर बिजली बेची जा रही है।

### आंदोलन में उमड़ा जनसैलाब

इस आंदोलन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं, महिला मोर्चा, युवक कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल एवं बड़ी संख्या में आम जनता की भागीदारी देखने को मिली। पूरे बागबाहरा क्षेत्र में बिजली कार्यालय के घेराव के दौरान कांग्रेसजनों का उत्साह चरम पर था। हाथों में बैनर, तख्तियां और गगनभेदी नारों के साथ कांग्रेसजनों ने सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जबरदस्त प्रदर्शन किया।

### राज्यपाल के नाम सौंपा गया ज्ञापन

प्रदर्शन के बाद प्रतिनिधिमंडल द्वारा छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें प्रमुख मांग अघोषित बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या पर तत्काल रोक लगाया जाय, बिजली दरों में की गई वृद्धि को अविलंब वापस लिया जाए, स्मार्ट मीटर और प्रीपेड मीटर लगाने की तैयारी को रोका जाए, किसानों, गरीबों और मध्यम वर्ग के लिए बिजली बिलों में पुनः राहत दी जाए शामिल है।

# ग्रेच्युटी, पेंशन के इंतजार में निराशा में डूबे हैं बुजुर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

वाणी में विद्वता का तेज किंतु आंखों में घन घोर निराशा। यह चित्र है शत प्रतिशत अनुदान प्राप्त शालाओं के सेवानिवृत्त बुजुर्ग शिक्षकों का। पेंशन और ग्रेच्युटी के इंतजार में अनेक सेवानिवृत्त शिक्षक दुनिया छोड़ कर जा चुके हैं। फिर भी हम लोगों ने उम्मीद का दामन थाम रखा है, कभी तो छत्तीसगढ़ शासन को हम बुजुर्गों की सुध आएगी। ये कहना हैं 86 वर्षीय कैलाश शंकर प्रधान के।

कैलाश शंकर प्रधान अनुदान प्राप्त हायर सेकंडरी स्कूल पाटसेंद्री ( विखं सरायपाली) के सेवानिवृत्त प्राचार्य हैं। वे कहते हैं कि हमने शिक्षा के विकास के लिए सारा जीवन अर्पित कर दिया, किंतु आज हम उपेक्षित जीवन जी रहे हैं। शत प्रतिशत अनुदान प्राप्त शालाओं के शिक्षकों को सेवानिवृत्ति के पश्चात ग्रेच्युटी और पेंशन कुछ नहीं मिला। सन 1998 से सन 2013 के बीच जो अनुदान प्राप्त शिक्षक सेवानिवृत्त हुए हैं उन्हें पेंशन तो पेंशन ग्रेच्युटी भी नहीं मिली है। 62 वर्ष की आयु समाप्त होते ही ये शिक्षक खाली हाथ एक अंधेरे भविष्य के साथ पद मुक्त हो गए।

जिले के पिथौरा विकासखंड के अनुदान शाला विद्या मंदिर नयापारा खुर्द के 90 वर्षीय सेवानिवृत्त प्रधान अध्यापक कृष्ण चंद्र प्रधान ने बताया कि 1959 में जब वे विद्या मंदिर नयापारा में पदस्थ हुए, उस शाला में केवल 15 छात्र थे। अज्ञानता और पिछड़ेपन के चलते लोग अपने बच्चों को स्कूलों में नहीं भेजते थे। ऐसी परिस्थिति में कृष्ण चंद्र प्रधान रोज सुबह सायकल से 25 किलो मीटर एरिए में दौरा करते थे और बच्चों को शाला भेजने के लिए प्रेरित करते थे। प्रधान की मेहनत से जंगल और खेतों में भटकते बच्चों को स्कूल आने की प्रेरणा मिली और स्कूल दर्ज संख्या 100 से भी अधिक हो गई। आज कृष्ण चंद्र प्रधान के पढ़ाए अनेक बच्चे प्रोफेसर, डॉक्टर, प्राचार्य, लेक्चरर एवं अनेक प्रशासनिक पदों पर कार्य करते हुए शाला और गांव का नाम रोशन कर रहे हैं।







कृष्ण चंद्र प्रधान बताते हैं कि है कि विद्या मंदिर शाला कोई साधारण अनुदान प्राप्त स्कूल नहीं है यह शासन के विद्या मंदिर एक्ट 1939 के तहत प्रारंभ की गई शासकीय योजना की शाला है। फिर भी इस शाला के शिक्षकों को पेंशन और ग्रेच्युटी से वंचित रखा गया है यह अत्यंत निराशाजनक है। कृषक उच्चतर माध्यमिक शाला भगतदेवरी ( विखं पिथौरा) के सेवानिवृत्त शिक्षक हेमंत पात्रो बताते हैं कि जीवन भर शासन की सेवा करने के बाद हमें उम्मीद थी कि शासन हमारे प्रति सहानुभूति अवश्य दिखाएगी। किंतु निराशा ही हाथ लगी है। बुढ़ापे में खाली हाथों को मलने के अलावा हमारे पास कोई चारा नहीं है।

भगत देवरी के ही सेवानिवृत्त व्याख्याता विनोद पुरोहित जो रिटायर्ड होने के बाद पैरों में पैरालिसिस से पीड़ित हैं। उन्होंने कहा कि हमारे पढ़ाए बच्चे आज बड़े शासकीय पदों एवं राजनीति में भी विभिन्न पदों पर आसीन हैं। किंतु इनमें से कोई अपने गुरुओं की सुध नहीं ले रहे हैं। अनुदान प्राप्त हायर सेकेंडरी विद्यालय पाटसेंद्री के सेवानिवृत्त प्राचार्य कृपा राम पटेल कहते है कि सरायपाली के दो विधायक त्रिलोचन पटेल एवं रामलाल चौहान तथा महासमुंद जिला पंचायत के अध्यक्ष रह चुके छतर सिंह नायक के अलावा जज गणेश राम पटेल आदि उनके पढ़ाए हुए छात्र हैं। इसके बावजूद हमारी ओर किसी का ध्यान नहीं जा रहा है। कभी कभार केवल आश्वासन ही दे दिया जाता है। ज्ञातव्य है कि छत्तीसगढ़ के अनेक अनुदान प्राप्त शालाओं की तरह महासमुंद जिले में अनेक अनुदान प्राप्त विद्यालय हैं, जो अपनी उत्कृष्ट शिक्षा और श्रेष्ठ परीक्षा फलों के द्वारा समाज को अपना योगदान दे रहे हैं। इन विद्यालयों के ये विद्वान और योग्य शिक्षक बुढ़ापे में ग्रेच्युटी और पेंशन नहीं मिलने के कारण उपेक्षित जीवन जीने के लिए मजबूर हैं। पता नहीं कब इनकी ज़िंदगी में उजाला आएगा।

# सुरक्षा के साथ किया गया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खल्लारी

दो कदम प्रकृति की ओर समिति आमाकोनी द्वारा ग्राम तुसदा के मंडी परिसर में परमेश्वर प्रजापति के नेतृत्व में 25 नग छायादार पेड़ पूरी सुरक्षा के साथ लगाया गया। जिनमें मुख्य रूप से बरगद, पीपल, कदम, नीम, आम एवं करंज का पेड़ शामिल हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खल्लारी के फार्मासिस्ट एवं दो कदम प्रकृति की ओर समिति के सदस्य संजय कुमार साहू (आमाकोनी) ने बताया कि पौधारोपण का मुख्य उद्देश्य परिसर में लोगों को छाव प्रदान कराना व पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना हैं।

पौधारोपण कार्यक्रम में कुंदन ध्रुव, विवेक पटेल, हितेश ध्रुव एवं टीम दो कदम प्रकृति की ओर के सदस्य पुष्पराज निषाद, कन्हैया यादव, युगांत चक्रधारी, डेविड कंवर, पुष्कर राणा, संजय साहू संहित आदि लोग शामिल हुए। इसी ग्राम सोरम-महासमुंद रोड से लगा हुआ जंगल के बीच में बजरंग बली के पास नवयुवक समिति द्वारा कदम का पेड़ लगाया गया, जिसमे समिति के अध्यक्ष ओमकार ध्रुव, भूपेंद्र यादव, गजानंद दुबे, खेमराज यादव, ताराचंद यादव ने पौधरोपण किया।



# मरार पटेल समाज की बैठक, एक जोड़े का हुआ विवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

कोसरिया मरार पटेल समाज नर्राराज के अंतर्गत ग्राम बनियातोरा में बैठक रविवार को हुई। बैठक में राजिम राज के समाज पदाधिकारी के साथ ही राजसदस्य बासीन शामिल हुए। बैठक की शुरूआत समाज के ईष्ट देवी मां भगवती शांकभरी की छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित व पूजन अर्चन कर की गई। बैठक में सभापति के रूप में लोचन पटेल प्रदेश संरक्षक एवं संयोजक नर्रा एवं सभा का अध्यक्षता पुरुषोत्तम पटेल राज अध्यक्ष रहे। विशिष्ट अतिथि तेजराम पटेल छग प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष एवं समाज प्रमुखों का स्वागत किया गया। राजिम और नर्राराज से संबधित आए आवेदन को सभापति के आदेशानुसार संगठन सचिव द्वारा पढ़कर सुनाया गया। इस आवेदन की पूछताछ के लिए नर्राराज महासचिव तथा राजिम राज सलाहकार ने भी लड़की और लड़का से पूछताछ किया। वे दोनों ने बताया कि प्रेम प्रसंग के चलते वे दोनों पति और पत्नी के रूप में स्वीकार किया। सभा में सामाजिक रीति रिवाज के साथ समाज के समक्ष संरक्षक लोचन पटेल द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण कर वर-वधू का विवाह सम्पन्न कराया।



इस दौरान तेजराम पटेल ने कहा कि समाज के लिए शिक्षा और संस्कार जरूरी है। शिक्षा एक ऐसा हथियार है जो बंद ताले को खोलने का चाबी है। शिक्षा के क्षेत्र में समाज के बेटा-बेटियों को अच्छी शिक्षा ग्रहण के साथ संस्कार दें। ताकि, मां बाप व गांव समाज का नाम रोशन हो। समाज में इस प्रकार का मामला प्रेम प्रसंग के चलते कई समाजिक सांस्कृतिक और व्यक्तिगत चुनौतियां आ सकती है। यह एक जटिल मुद्दा है, इसका असर विभिन्न पहलुओं पर पड़ता है।

सभापति लोचन पटेल ने भी समाज को संबोधित करते हुए कहा कि समाज में शिक्षा संस्कार के आलावा संगठन किसी भी समाज के विकास के लिए जरूरी है। इस दौरान सभापति तेजराम पटेल अध्यक्ष राजिम राज, पुरूषोत्तम पटेल अध्यक्ष नर्राराज, सुखराम पटेल, फिंरगी पटेल, नारायण पटेल, जगदीश पटेल, गणेश पटेल, जागेश्वर पटेल, गणपत पटेल, दामोदर पटेल, माखन पटेल, नारायण पटेल, परमेश्वर पटेल, नेतराम पटेल, चंदन पटेल, अमरसिंह पटेल, ललित पटेल, कृष्णचंद पटेल, भीखम गोपाल, निहाली पटेल, परमेश्वर पटेल, दशरथ पटेल, नोहर पटेल, शुक्ला पटेल, उदेराम तुलाराम मूलचंद, भेखलाल, यादराम पटेल आदि मौजूद रहे।

## परिवार के साथ पौधरोपण कर मिशन लाइफ पोर्टल में फोटो को कर रहे अपलोड

# स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट स्कूल भंवरपुर में छात्रों ने किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भंवरपुर

स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय भंवरपुर एक ऐसा उत्कृष्ट विद्यालय है, जहां शासकीय आदेशों का पालन सिर्फ कागज पर ही नहीं, वरन धरातल पर व्यावहारिक रुप से शिक्षा, पर्यावरण, सेवा व अन्य पाठ्येत्तर गतिविधियों का पूरे समर्पण से आयोजन किया जाता है। ताकि, विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं का बहुमूखी व सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके।

इसी कड़ी में पर्यावरण (इको) क्लब सेजेस भंवरपुर में एक पेड़ मां के नाम के तहत वृहत स्तर पर पौधरोपण का कार्य किया जा रहा है। विद्यालय के प्रत्येक विद्यार्थी द्वारा अपने घरों में अपने परिवार के साथ पौधे लगाए जा रहे हैं। पौधे लगाते हुए जीपीएस कैमरे से फोटो लेकर मिशन लाइफ पोर्टल में अपलोड कर प्रत्येक विद्यार्थी को प्रमाण पत्रों का भी वितरण किया जा रहा है। प्राचार्य टीके पटेल व वरिष्ठ व्याख्याता एनके दीवान के निर्देशन में ईको क्लब प्रभारी दुर्गा प्रसाद पटेल द्वारा बच्चों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए एक पेड़ मां के नाम अभियान की महत्ता तथा पर्यावरण के प्रति प्रत्येक विद्यार्थी की निजी जिम्मेदारी को समझाते हुए बताया गया है कि "पर्यावरण (पेड़-पौधे तथा प्राकृतिक संसाधन) है तो हम हैं। पटेल द्वारा ईको क्लब के उद्देश्यों को स्पष्ट करते हुए छात्र-छात्राओं को यह भी बताया गया है कि भारत के वनाच्छादित क्षेत्र (मात्र 21 प्रतिशत) में बढ़ोत्तरी का एकमात्र उपाय वृहद स्तर पर वृक्षारोपण ही है। पौधरोपण न सिर्फ विद्यालय में करना है, अपितु घरों में, गलियों में, गांवों में, खेतों में, रोड किनारे व आसपास के समस्त क्षेत्रों को हरा-भरा बनाना हम सबका दायित्व है। ईको क्लब का दूसरा महत्वपूर्ण उद्देश्य है एकल प्लास्टिक से दूरी। ऐसे प्लास्टिक (जैसे पॉलिथिन आदि) जिन्हें हम सिर्फ एक बार उपयोग करते हैं और उपयोग के बाद खुले वातावरण में फेंक देते हैं। जो कि डिकम्पोज नहीं हो पाता है या मिट्टी के रुप परिवर्तित नहीं हो पाता। कई सालों तक वह मिट्टी व जल में अपने खतरनाक रसायनों का मिश्रण करता है जिससे भूमि व जल प्रदूषण होता है और मानव के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। ईको क्लब का तीसरा महत्वपूर्ण उद्देश्य है जल की बचत। आज यह बताने की आवश्यकता नहीं है कि जलसंकट कितनी बड़ी समस्या के रुप में हमारे महासमुंद जिला ही नहीं वरन वैश्विक समस्या बनती जा रही है। स्वच्छ पेय योग्य जल आज बहुत कम है या तेजी से कम होती जा रही है। गर्मी के दिनों में पेयजल के संकट से हर मनुष्य जूझ रहा है। ऐसे में आवश्यकता है तो जल की बचत, जल को प्रदूषण से बचाने तथा जल के अपव्यय को रोकने की। ईको क्लब का अगला उद्देश्य है ऊर्जा की बचत करना। ऊर्जा वर्तमान परिदृश्य में सबसे आवश्यक संसाधनों में से एक है। जिनके बिना हम जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकते। आज हमारा जीवन पूरी तरह इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम पर निर्भर है। मोबाइल के चार्जिंग से लेकर रेलवे तक सबकुछ बिजली से संचालित है। ऐसे में ऊर्जा के सदुपयोग के साथ ही ऊर्जा की बचत करना बहुत आवश्यक है। ईको क्लब के उद्देश्यों में स्वच्छता भी एक महत्वपूर्ण पहलू है। स्वच्छता न सिर्फ मानसिक रुप से हमें प्रभावित करता है, बल्कि हमारे स्वास्थ्य पर भी गहरा असर डालता है। एक स्वस्थ व्यक्ति ही अपनी योग्यता का सही उपयोग कर सकता है, राष्ट्र को सशक्त बना सकता है। अतः विद्यार्थियों का कर्त्तव्य है कि वे स्वयम् के साथ-साथ अपने पर्यावरण को भी स्वच्छ रखने में अपना योगदान दें। इस प्रकार सेजेस भंवरपुर के छात्र-छात्राओं द्वारा उपरोक्त बातों को ध्यान में रखते हुए घरों में व विद्यालय में व्यापक स्तर पर पौधारोपण का कार्य किया गया है।



